भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
03.02.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 284 का उत्तर

कोहरे और शीतलहर से प्रभावित रेल

284. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रेल कोहरे और शीतलहर के कारण इस वर्ष गंभीर रूप से प्रभावित हुई है;
(ख) इस वर्ष कितनी रेलगाड़ियाँ चार घंटे से अधिक विलंब से अपने गन्तव्य पर पहुंची हैं; और
(ग) क्या सरकार तीन घंटे से अधिक विलंब से पहुंचने वाली रेल के यात्रियों से वसूले गए किराए को वापस लौटाने पर विचार करेगी?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): जी हां। गाड़ी का परिचालन कोहरे से प्रभावित हुई है। 1 दिसंबर, 2022 से 29 जनवरी, 2023 की अवधि के दौरान, कोहरे के कारण 2447 रेलगाड़ियां 4 घंटे से अधिक समय के लिए विलंबित हुईं।

(ग): यदि, गाड़ी के प्रारंभिक स्टेशन से निर्धारित प्रस्थान समय के तीन घंटे से अधिक देरी से चलने के कारण यात्रा नहीं की गई हो, बशर्ते निर्धारित समय सीमा के अंदर रेल यात्री द्वारा (टिकट रद्दकरण और धन वापसी) नियम, 2015 के अनुसार टिकट रद्द करा ली गई हो/टिकट जमा रसीद प्रस्तुत की गई हो, जैसा भी मामला हो, आरक्षित, आरएसी और प्रतीक्षासूचि टिकट वाले सभी यात्रियों को टिकट रद्दकरण या लिपिकीय शुल्क की कटौती किए बिना संपूर्ण किराया वापस किया जाता है। बहरहाल, गंतव्य स्टेशनों पर गाड़ियों के विलंब से आगमन पर किराए की वापसी का कोई प्रावधान नहीं है।

*****

s.k